पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

————

राज्यपाल जी ने रामेश्वरदास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित स्वर्णोदय महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

————

महाविद्यालय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्मृति स्तंभ का हुआ अनावरण

————

बेटियों को शिक्षा और उचित संस्कार देना जरूरी

————

सामान्य व्यक्ति को ईश्वर मानने के अंधानुकरण से बचें

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 18 जुलाई, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद हाथरस में श्री रामेश्वरदास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर आयोजित स्वर्णोदय महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने उद्बोधन में जनपद हाथरस में घटित दुर्घटना में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि किसी भी सामान्य व्यक्ति को ईश्वर मानकर पूजने के अंधानुकरण से सभी को बचना चाहिए। सामान्य व्यक्ति ईश्वर नही होता ऐसी अंधभक्ति का पालन न कर बेटियों की शिक्षा – दीक्षा और उचित संस्कार देकर उनकी उन्नति का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हर प्रांत में मातृभाषा में कक्षा 6 तक की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है, जनमानस द्वारा सरकारी स्कूलों में शुल्क कम होने के कारण लड़कियों को पढ़ाया जाता है, परन्तु लड़को को मंहगे स्कूलों में पढ़ाते है लेकिन कीर्तिमान लड़कियाँ स्थापित करती है। राज्यपाल महोदया ने (नेशनल एक्रेडिटेशन एंड असेसमेंट काउंसिल) के लिए प्रयासरत महाविद्यालयों के लिए सभी समितियों में छात्राओं को जोड़ने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने महाविद्यालय के पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मृति स्तंभ का अनावरण किया तथा पर्यावरण के हित में अशोक के पौधे का रोपण किया। राज्यपाल जी ने पाठ्क्रम से संबंधित पुस्तकों का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर स्थानीय सांसद श्री अनूप वाल्मीकि, जिलाधिकारी श्री आशीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री निपुण अग्रवाल, सम्मानित जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-

कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी
डॉ0 संगीता चौधरी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र-9454468250